# निःशुल्क चिकित्सा मोबाइल वैन का शुभारंभ

**नवज्योति, चित्तौड़गढ़।** ग्रामीण क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने और ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के उद्धेश्य से हिन्दुस्तान जिंक द्वारा ममता-हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड के सहयोग से आस पास के क्षेत्र के 27 गावों के लिए मोबाइल हेल्थ वैन की शुरुआत की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्यालय में आयोजित समारोह से इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मोबाइल वैन में प्रशिक्षित चिकित्सक एवं स्टाफ गांव-गांव जाकर निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं एवं परामर्श दिया जाएगा। प्राथमिक जांच के बाद गंभीर बीमारी के रोगियों को राजकीय जिला चिकित्सालय में उपचार हेतु रेफर करने हेतु भी आवश्यक प्रयास किए जाएंगे। मोबाइल वैन के शुभारंभ के अवसर पर हेड सीएसआर सुन्दर राज एवं हेड सिक्योरिटी रविराज भी उपस्थित थे। मोबाइल वैन के जरिए स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए विशेष रूप से पहल की जाएगी। वैन में एमबीबीएस चिकित्सक, काउसंलर एवं नर्स प्राथमिक स्वास्थ्य की जांच, उपचार एवं परामर्श के साथ ही निःशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई जाएंगी। चल चिकित्सा वाहन में नियमित रूप से एक चिकित्सक द्वारा क्षेत्र के 27 गांवों में रोगियों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की जाएगी जो कि अनुमानित 49 हजार लोगों की आबादी को सेवाएं प्रदान करेगी।